हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 16 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

14 सीएम शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से 68 हजार मरीजों को मिला लाभ



14 नक्सल क्षेत्र प्रोत्साहन राशि को लेकर बवाल, स्वास्थ्य ....





# जीपीएस लगे गिद्ध तेलंगाना, महाराष्ट्र में घूम रहे, गिद्धों का कुनबा बढ़ने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

इंद्रवती टाइगर रिजर्व बीजापुर की ओर से जीपीएस लगे गिद्ध रिजर्व के अलावा तेलंगाना एवं महाराष्ट्र में घूम रहे, जिससे रिजर्व में गिद्धों का कुनबा बढ़ने की संभावना बढ़ी। विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुके गिद्धों के लिए आईटीआर सुरक्षित रहवास बन गया है। इस रिजर्व क्षेत्र के मद्देड़ इलाके में सैंकड़ों की संख्या में गिद्धों को देखा जा सकता है। रिजर्व में 300 से अधिक गिद्धों को देखा जा सकता है, जिनमें कई संकटग्रस्त प्रजाति के गिद्ध भी शामिल हैं। विलुप्त प्रजाति के गिद्धों व्हाइट रम्पड वल्चर एवं इंडियन वल्चर की संख्या भी कहीं-कहीं दिखाई देती थी। पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण गिद्धों के संरक्षण और संवर्धन के लिए किए गए प्रयासों से इनकी संख्या में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की गई है। क्षेत्र के मद्देड़ इलाके में स्थित सकल नारायणी की पहाड़ियों में इन दिनों बहुतायत में गिद्धों की टोली देखी जा रही है। इस इलाके को गिद्धों के रहवास और अनुकूल परिस्थितियों के चलते सबसे सुरक्षित और संरक्षित इलाके की श्रेणी में रखा गया है। यही स्थान को गिद्धों के कुनबा बढ़ाने में सबसे सुरक्षित रहवास की तरह उपयोग कर रहे हैं। विशेषज्ञ सूरज नायर ने गिद्धों के संरक्षण के लिए रिजर्व से सटे ▶▶ शेष पेज 14 पर

## इंद्रावती टाइगर रिजर्व बना सुरक्षित रहवास

### गिद्धों की संख्या में हो रही बढ़ोतरी

इंद्रावती टायगर रिजर्व जगदलपुर के मुख्य वन संरक्षक वन्यजीवन और क्षेत्रीय निदेशक स्टायलो मंडावी ने बताया कि पर्यावरण के लिहाज से प्रकृति में संतुलन के उद्देश्य से गिद्ध महत्वपूर्ण जीव है। गिद्धों के लिए ग्रामीणों में जागरुकता और विभागीय कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा गिद्ध मित्र बनाकर इसके संवर्धन के प्रयास तेज किए गए, जिसके चलते गिद्धों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हुई है।




### मृत मवेशियों को पहुंचा रहे गिद्ध रेस्टोरेंट

इंद्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर के निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि रिजर्व में गिद्धों की संरक्षण व संवर्धन के लिए गिद्ध परियोजना चलाई जा रही है। मद्देड़ के पर्वतीय इलाकों में गिद्ध रेस्टोरेंट संचालित हैं, जहां विभाग और आसपास के ग्रामीणों द्वारा गिद्धों के लिए भोजन के लिए मृत मवेशियों और अन्य भोज्य सामग्री उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### हरि बने बस्तर जिला साहू संघ के अध्यक्ष

जगदलपुर। जिला साहू संघ का चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। प्रदेश साहू संघ के निर्देशन में स्थानीय साहू संघ सामाजिक भवन में आयोजित इस चुनाव में हरिलाल साहू ने अपने निकटम प्रतिद्वंदी जागेश्वर साहू को दो मतों से पराजित कर पुनः जिला साहू संघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। अन्य पदाधिकारियों में देवेन्द्र साहू व भारती साहू उपाध्यक्ष वहीं संगठन सचिव के पद में महेन्द्र साहू तथा सुशीला साहू निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरिलाल साहू पूर्व में भी संघ के अध्यक्ष रह चुके हैं। उनकी सामाजिक और राजनीतिक पकड़ को जीत का कारण माना जा रहा है। चुनाव में बस्तर जिले के 6 परिक्षेत्रों के मतदाता शामिल हुए। मतदान प्रक्रिया 3 बजे तक चली और परिणाम शाम 4 बजे घोषित किए गए। इस पूरी चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में चुनाव पर्यवेक्षक मोती साहू राजनांदगांव तथा निर्वाचन अधिकारी के रूप में हरीश साहू, खितेन्द्र साहू, राकेश गंजीर की अहम भूमिका रही। वहीं मतदान कराने में रीठा साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा आयोजित होगी 29 को

जगदलपुर। जिला पंचायत बस्तर द्वारा 29 दिसंबर को जिला पंचायत सभा कक्ष में दो महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा विधिवत सूचना जारी की गई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पहली बैठक सामान्य सभा होगी, जो दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगी। सामान्य सभा जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। इसी दिन अपरान्ह 4 बजे से सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।

### भुगतान के लिए विभागों को नोटिस जारी

# संभाग के शासकीय कार्यालयों का 1.56 अरब का बिजली बिल बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



▪ बकायादारों में नगरीय निकाय पर सबसे अधिक बिल बकाया

विद्युत कंपनियों ने बकाया बिजली बिलों के भुगतान के लिए सरकारी विभागों को नोटिस जारी किया है। कई विभाग लंबे समय से बिल जमा नहीं कर रहे हैं। बिजली विभाग ने सख्ती दिखाते हुए कनेक्शन काटने और बकाया वसूली के लिए अभियान चलाने की चेतावनी दी है। शासकीय विभाग पर एक अरब 56 करोड़ 88 लाख रुपए की भारी भरकम राशि बिजली बिल के रूप में बकाया है। कई बार पत्र दिए जाने के बावजूद जब बिल की राशि जमा नहीं कराया गया तो बिजली कंपनी ने सभी विभाग प्रमुखों को नोटिस जारी कर दिया है। अब उनके कनेक्शन काटने की तैयारी की जा रही है। बकायादारों में सबसे अधिक नगरीय निकाय बड़ा बकायादार है।

### घरों, संस्थानों में तुरंत काट दिया जाता है कनेक्शन

महत्वपूर्ण बात यह है विभिन्न शासकीय विभागों पर लंबे समय से बिजली बिल बकाया होने के बावजूद उनके कनेक्शन नहीं काटे, जबकि निजी उपभोक्ताओं एवं निजी संस्था पर बकाया होने पर कनेक्शन काट दिया जाता है। हालांकि क्षेत्र के सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता अपने क्षेत्र में स्थित शासकीय कार्यालय में पहुंचकर बकाया बिजली बिल का शीघ्र ही भुगतान करने को कह रहे हैं। दूसरी ओर डिस्कनेक्शन अभियान में विद्युत वितरण केन्द्र की टीम क्षेत्र में निजी उपभोक्ताओं से बकाया होने पर बिजली कनेक्शन काट रहे हैं।

### शासकीय विभागों की कटेगी बिजली

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम एवं अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू ने बताया कि विभागों पर बिजली बिल की बड़ी राशि बकाया है। क्षेत्र के कार्यपालन अभियंताओं ने सभी विभाग प्रमुखों को पत्र जारी किया है। उसके बाद कनेक्शन काटने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### मोंगरापाल को हराकर तारापुर सेमीफाइनल में



जगदलपुर। मारूति इलेवन क्रिकेट क्लब करपावंड द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में सोमवार को एक ही मुकाबला खेला गया। जिसमें तारापुर बनाम मोंगरापाल की टीम आपस में भिड़ी। तारापुर की टीम ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया । मोंगरापाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवरों में 47 रनों का छोटा सा लक्ष्य तारापुर के सामने रखा। इस लक्ष्य को तारापुर के बल्लेबाजों ने 4.3 ओवर में ही हासिल कर लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच अजय रहे। जिन्होंने 10 गेंदों में धुआंधार 28 रन बनाए और 3 ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट झटके। इसी जीत के साथ तारापुर की टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आज के अतिथि शुभम गुप्ता, सुरजीत सरकार, माणिकचंद साहू तथा मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता रहे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ▶▶ शेष पेज 14 पर

# पोटाकेबिन की छात्रा की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर




बीजापुर जिले के उसूर ब्लाक के आवापल्ली अंतर्गत चिंताकुंटा पोटाकेबिन छात्रावास में पढ़ने वाली कक्षा 6वीं की छात्रा की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद पोटाकेबिन छात्रावास प्रबंधन और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार चिंताकुंटा पोटाकेबिन की छात्रा मनीषा सेमला की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसे सीने में तेज दर्द और सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। स्थिति गंभीर देखते हुए छात्रा को तत्काल बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। छात्रा की अचानक हुई मौत ने अधीक्षिका और बीआरसी की जिम्मेदारी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह उठ रहा है कि क्या पोटाकेबिन और आश्रमों में रहकर पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की समय-समय पर मेडिकल जांच कराई जाती है या नहीं। यदि स्वास्थ्य जांच होती है तो फिर इतनी कम उम्र में छात्रा की अचानक मौत कैसे हुई। उसूर ब्लॉक के बीआरसी कृष्णा पंगपल्ली से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। गौरतलब है कि यही वह छात्रावास है जहां 8 मार्च ▶▶ शेष पेज 14 पर

### मौत का कारण स्पष्ट नहीं

छात्रा को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी और सीने में दर्द बताया जा रहा था। उसे अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अचानक मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। छात्रा की बड़ी मां उसी छात्रावास में कार्यरत है, वही बेहतर बता सकती हैं कि उसे पहले से कोई बीमारी थी या नहीं।

- कलम झाड़ी डीएमसी, समग्र शिक्षा बीजापुर




हरिभूमि
24TH
YEARS
ANNIVERSARY
CELEBRATION
बस्तर समेत पूरे छत्तीसगढ़ के दिल की आवाज़
निष्पक्ष, निर्भीक व विश्वसनीय अखबार
हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस पर
हरिभूमि परिवार को ढ़ेर सारी शुभकामनाएं
महेश कश्यप
सांसद
बस्तर लोकसभा क्षेत्र

हरिभूमि में कई सारी खूबियां है जो उसे दूसरों से अलग बनाती है, जैसे की कुछ अलग करने की सोच, हरिभूमि ऐसा अखबार है जो सच्चाई लिखने के लिए हर स्तर पर प्रयास करता है। इसी सोच की वजह से हरिभूमि की अपनी एक अलग पहचान है। सटीक, सुंदर भाषा और प्रस्तुति के चलते समाज के हर वर्ग का पसंदीदा अखबार है।

# हरिभूमि के 24वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**SMC MPM**
CARDIAC CENTRE
BASTAR REGION
1st CARDIC CATH LAB

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

**MPM BLOOD CENTRE**
LICENCE NO- CG/28-C-104/2023
**JAGDALPUR**
A UNIT OF SHANTI SERVICE SOCIETY

# MPM HOSPITAL

*(Mar Paulinus Memorial Hospital)*

Affordable · Acceptable · Available — M.P.M. HOSPITAL JAGDALPUR

NABH (ENTRY LEVEL) PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE CERTIFIED

**24X7 Casualty**






MPM Hospital is equipped with best facilities along with Experenced Team of Doctors to give patient the best possible care in hospital.

## Facilites

- 24 Hours Pharmacy
- Ambulance Service
- Single Room AC/Non AC
- Angiography
- Angioplasty
- Ayushman Bharat
- C-Arm
- Dental Care
- Department ICU
- Dialysis
- Digital X-Ray
- Echo
- Fully Computerized Lab
- Vascular Surgery
- ECG
- Blood Centre
- Moderm Surgery
- ICU & NICU
- Physiotherapy
- Private Room AC/Non AC
- Ultra Sound









Aghanpur, Jagdalpur, Chhattisgarh, 494001, Contact: (07782) 229030, 8109229030
Web: www.mpmhospitaljagdalpur.com, Email : mpmhospital@gmail.com

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

# सत्य के सजग प्रहरी

निष्पक्ष, निर्भीक एवं विश्वसनीय अखबार, संस्कारधानी बिलासपुर से राजधानी रायपुर तक

पाठकों की पहली पसंद **हरिभूमि**

## रायपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**OUR VISION**

To Provide all students a world class education focused on high academic standards, moral values and life skills in a motivating and supportive environment so that our students may become responsible and contributing citizens.

**OUR MISSION**

To provide an atmosphere to our students to acquire knowledge, value, skills and attitudes needed to make them self confident and balanced human beings to face the challenges in life.

**CORE VALUES**

Faith in God, Self Respect & Respect for Others, Integrity of Character, Pursuit for Excellence, Commitment to Nation, Concern for Environment and Responsibility

**OUR MOTTO**

The school is having the motto Truth, Service, Love. We expect all our children to fill their minds with truth, fill their hearts with love and fill their lives with the spirit of service. Gandhiji said "To me God is truth and love, God is the source of light and life". Jesus said, " I am the way, the truth and the life." Once we realize this fact we will be ready to serve others.

**OUR STAFF**

Our faculty at Nirmal make the teching-learing processs a happy experience. Our most invaluable treasure in the school is our teachers. They are professionally well qualified, experienced and filled with enthusiasm to transact the curruculum and generate a zeal for learning. They are also actively involved in the extracurricular and co-curricular activities for the all round development of our children.











TRUTH SERVICE LOVE

Established: 1972

# NIRMAL
## HIGHER SECONDARY SCHOOL, JADGALPUR



Fr. Biju Alex CMI


**Affiliated to : CBSE, New Delhi Affiliation No. 3330149**
**School code: 15184 UDISE Code: 22153308655**

**Management, Staff and Students of Nirmal Hr. Sec. School Wishes you Advance**
**Happy Christmas**
**& Prosperous New Year 2026**

Facilities:
1. Trained and experienced faculty
2. Well equipped classrooms
3. Studious Atmosphere
4. Grand and eloquent library
5. Safe and secure campus
6. CCTV Surveillance
7. Continue to remain first option of parents for their aspiring students
8. 52 years of service in Bastar

**MANAGEMENT & AIM**

Nirmal Higher Secondary School is an unaided educational institution run by the Catholic minority community, enjoying all the rights and privileges enshrined in the constitution of India. The school is affiliated to CBSE, Delhi. It is run by the Catholic Diocese of Jagdalpur, a registered society. It was founded on 9th November 1972. It is an English Medium co-educational school.We provide a good school environment which is secure, happy, and stimulating, where all our children are valued equally. We encourage all our children to be inquisitive and daring to express their views in a polite and considerate manner. We are keen to encourage our children to develop self discipline so that they may behave properly, display good manners and have respect for others and school property. We are aiming at making all our students self confident, well balanced and morally upright people ready to face all the challenges of life.




**Lalbagh, Jagdalpur, Bastar,494001,** Phone Number: 07782357542, 7587348140, 9926684889

Email: nirmalvidyalay72@gmail.com, principal@nirmalvidyalay.in Website: www.nirmalvidyalay.in

# एसपीएल 6 का रोमांचक फाइनल, सुकमा टाइटंस 46 रन से जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

रविवार को खेले गए एसपीएल 6 के खिताबी मुकाबले में सुकमा टाइटंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गादीरास राइडर्स को 46 रन से हराकर ट्रॉफी पर

■ कौशलेंद्र की आतिशी पारी करणदीप की धारदार गेंदबाजी

कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबले में सुकमा टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 184 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाब में गादीरास राइडर्स की टीम 17.1 ओवर में 138 रन पर ऑलआउट हो गई।

सुकमा टाइटंस की पारी की शुरुआत सलामी बल्लेबाज हितेन्द्र नाग और राहुल यादव ने की। 1.5 ओवर में राहुल सिर्फ 2 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद तुलेश ने पारी को संभालते हुए 25 रन जोड़े, लेकिन वह भी बड़ी पारी नहीं खेल सके। इसके बाद कौशलेन्द्र ने मात्र 29 गेंदों में ताबड़तोड़ 68 रन ठोकते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। उनकी विस्फोटक पारी की बदौलत सुकमा टाइटंस ने निर्धारित 20



ओवर में 184 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गादीरास राइडर्स के सलामी बल्लेबाज उमाशंकर बिना खाता खोले आउट हो गए, जबकि सतेन्द्र भी क्रीज पर ज्यादा देर टिक नहीं सके। शुरुआती झटकों के बाद टीम दबाव में आ गई। दिलीप ने 10 रन बनाकर पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन विकेटों का पतन लगातार जारी रहा।

एक छोर से अरशद किशोर ने संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए 66 रन की शानदार पारी खेली लेकिन दूसरे छोर से लगातार विकेट गिरते रहे। नतीजतन पूरी गादीरास राइडर्स की टीम 138 रन पर सिमट गई और खिताब की दौड़ से बाहर हो गई। खिताब जीतने पर सुकमा टाइटंस को शील्ड के साथ 2 लाख रुपए की प्राइज मनी एएमएनएस की ओर से प्रदान की गई। उपविजेता रही गादीरास राइडर्स को शील्ड और 1 लाख रुपए की प्राइज मनी दी गई। फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए सुकमा टाइटंस के कौशलेन्द्र राठौर को मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट स्ट्राइकर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

वहीं सुकमा टाइटंस के करणदीप सग्गू को बेस्ट बॉलर चुना गया। गादीरास राइडर्स के अरशद किशोर को बेस्ट कैच ऑफ द मैच और बेस्ट फील्डर के खिताब से नवाजा गया।

## खबर संक्षेप

### बस्तर में 15 वर्ष बाद नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट होगा



**बस्तर।** बस्तर के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में शहीद रंजीत कश्यप की स्मृति में 16 दिसंबर से 27 दिसंबर तक एक नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। लगभग 15 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आयोजित हो रहे इस नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर क्षेत्र के खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों की मजबूत एवं प्रतिष्ठित टीमें भाग ले रही हैं। प्रतिदिन 3 रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे, जिससे दर्शकों को उच्च स्तरीय एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट का भरपूर आनंद मिलेगा। आयोजक समिति द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों के लिए आकर्षक पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है, जिसमें विजेता टीम को 111111 रूपए व उपविजेता टीम को 55555 रूपए मिलेंगे। यह नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट न केवल शहीद रंजीत कश्यप को सच्ची श्रद्धांजलि है, बल्कि क्षेत्र में छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने तथा खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी है।

### पूर्व पंचायत सचिव को उपस्थित होने के निर्देश

**दंतेवाड़ा।** उप संचालक पंचायत द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार पंचायत निधि की राशि वसूली हेतु मदनसिंह ठाकुर भूतपूर्व सचिव जंगमपाल जनपद पंचायत कटेकल्याण के द्वारा ग्राम पंचायत जंगमपाल में पंचायत कोष की राशि वर्ष 1996-97 में कुल बकाया राशि 45490 जमा राशि नहीं किये जाने से वसूली प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी दंतेवाड़ा में लंबित है। अतः इस संबंध में मदनसिंह ठाकुर भूतपूर्व सचिव जंगम पाल जनपद पंचायत कटेकल्याण को 17 दिसंबर प्रातः 11 बजे या इसके पूर्व न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी दंतेवाड़ा में उपस्थित होने के आदेश दिए गए है।

### ऑयल पाम प्रशिक्षण के लिए कृषक तेलंगाना रवाना



**दंतेवाड़ा।** आज कलेक्ट्रेट परिसर से उद्यानिकी विभाग के तत्वाधान में नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल-ऑयल पाम योजनान्तर्गत जिले के 60 कृषकों को दो दिवसीय प्रशिक्षण सह भ्रमण पर तेलगांना राज्य के भद्राचलम जिले के अष्वारापेटटा नगर रवाना किया गया। ज्ञात हो कि उद्यानिकी विभाग, द्वारा जिले में ऑइल पाम की खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों एवं विभागीय अधिकारियों को आधुनिक एवं व्यावहारिक तकनीकी जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से दो दिवसीय अध्ययन-भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस दो दिवसीय भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों द्वारा वहां तेलंगाना ऑइल पाम फेडरेशन की ऑइल पाम फैक्टरी का विस्तृत निरीक्षण किया जाएगा।

### नगर पालिका परिसर को पुलिस ने छावनी में कर दिया था तब्दील

# निविदा घोटाले के आरोप लगाते कांग्रेस ने किया नगर पालिका का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

नगर पालिका परिषद द्वारा आमंत्रित निविदाओं में अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर सोमवार को कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरीश लखमा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और नगर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्यालय का घेराव किया। हालात बिगड़ने की आशंका को

■ कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव के नाम सौंपा ज्ञापन

देखते हुए नगर पालिका परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया।

कार्यालय के भीतर प्रवेश रोकने के लिए बेरिकेटिंग की गई, वहीं मौके पर डीएसपी रोहित शुक्ला, कोतवाली प्रभारी शिवानंद तिवारी सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रदर्शन के दौरान माहौल तनावपूर्ण बना रहा, हालांकि पुलिस की सतर्कता से स्थिति नियंत्रण में रही। इस बीच नायब तहसीलदार अनिल ध्रुव और नगर पालिका के सीएमओ पीआर



कोर्राम मौके पर पहुंचे और कांग्रेस नेताओं से चर्चा कर हालात को शांत करने का प्रयास किया। बाद में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कैबिनेट मंत्री अरुण साव के नाम ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरीश लखमा ने आरोप लगाया कि सुशासन का ढिंढोरा पीटने वाली भाजपा सरकार के कार्यकाल में नगर प्रशासन में भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने कहा कि नगर के विकास कार्यों की निविदाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है। कई ठेकेदारों को नियमों के अनुसार आवेदन देने के बावजूद निविदा फॉर्म तक नहीं दिए गए, जबकि कुछ गिने-चुने चेहते ठेकेदारों को नियमों को ताक पर रखकर लाभ पहुंचाया जा रहा है। लखमा ने आरोप लगाया कि पूरी प्रक्रिया मनमानी और अपारदर्शिता से भरी है। उन्होंने विवादित निविदाओं को तत्काल निरस्त करने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

### वार्डों की अनदेखी का भी उठा मुद्दा

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने नगर के विभिन्न वार्डों में बुनियादी सुविधाओं की बदहाली का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया। नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष आयशा हुसैन ने कहा कि सामान्य सभा की बैठकों में वार्ड क्रमांक 6 सहित कई वार्डों में सड़क, नाली और स्ट्रीट लाइट की समस्याएं बार-बार उठाई गईं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आयशा हुसैन ने आरोप लगाया कि नगर प्रशासन भाजपा पार्षदों के वार्डों में मनमाने ढंग से काम स्वीकृत कर रहा है, जबकि विपक्षी वार्डों की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो कांग्रेस और व्यापक आंदोलन छेड़ेगी। इस विरोध प्रदर्शन में जिला पंचायत अध्यक्ष सोमय मंगम्मा, कोंटा नगर पंचायत अध्यक्ष मौसम जया, शेख सज्जार, आयशा हुसैन, मोहम्मद हुसैन, मुकेश कश्यप, सुधीर पांडेय, नमीर अली, गीता कवासी, शेख नजीर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मनरेगा में डिजिटल क्रांति की दिशा में बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

मनरेगा को अधिक पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी बनाने की दिशा में भारत सरकार ने एक ऐतिहासिक पहल की है। इसके तहत ग्राम पंचायतों में होने वाले सभी योजनांतर्गत कार्य अब जीआईएस आधारित युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से योजना बनाकर क्रियान्वित किए जाएंगे।

वित्तीय वर्ष 2026-27 से

■ युक्तधारा पोर्टल से होगी पारदर्शी योजना

मनरेगा के सभी कार्यों को युक्तधारा पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य कर दिया गया है। इसी क्रम में बीजापुर जिले की 96 ग्राम पंचायतों में युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से जीआईएस आधारित प्लान तैयार कर अपलोड कर लिया गया है, जो जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से अब ग्राम सभा द्वारा तय प्राथमिकता क्रम के अनुसार ही कार्यों की स्वीकृति दी जाएगी। जिले में प्राकृतिक संसाधन संवर्धन, जल



संरक्षण एवं कृषि से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी गई है, जिससे ग्रामीण आजीविका को मजबूती मिलेगी।

युक्तधारा पोर्टल पर जीआईएस एवं सैटेलाइट मैपिंग के माध्यम से क्षेत्र की वास्तविक स्थिति का सटीक विश्लेषण किया जा सकेगा। इससे जल संरक्षण, भूमि विकास, वनीकरण जैसे कार्यों की वैज्ञानिक और प्रभावी योजना बनाना संभव होगा। इस पहल से टिकाऊ परिसंपत्तियों का निर्माण, ग्राम पंचायत स्तर पर डाटा आधारित निर्णय, योजनाओं में दोहराव की रोकथाम तथा कार्यों की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित किया जा सकेगा।युक्तधारा पोर्टल के सफल क्रियान्वयन से मनरेगा में डिजिटल पारदर्शिता और जवाबदेही को नई मजबूती मिलेगी, जिससे ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

# अजय अध्यक्ष व कमलेश उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

उत्तरप्रदेश–बिहार सांस्कृतिक एवं सामाजिक कल्याण समिति बचेली के पदाधिकारियों का चुनाव दिनांक 14 दिसंबर को समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। बैठक के प्रारंभ में भूतपूर्व सदस्यों को स्मरण करते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण किया गया।

■ सौहार्दपूर्ण व शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव प्रक्रिया संपन्न

इसके पश्चात सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें समिति के सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।

चुनाव में अजय कुमार बंसल को अध्यक्ष, कमलेश दुबे को उपाध्यक्ष, सुखबीर सिंह चौहान को सचिव, संजय सिंह को संयुक्त सचिव तथा महेन्द्र केसरी को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। समिति के संरक्षक के रूप में संतोष दुबे एवं आशीष मिश्रा को मनोनीत किया गया।



इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में सूर्यमोहन पाण्डे, अक्षयलाल, शैलेश सिंह, रंजीत सिंह, रविकांत शर्मा, अतुल सिंह चौहान एवं रोहित मिस्त्री का चयन किया गया।

बैठक के दौरान समिति के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों को और अधिक सशक्त बनाने पर चर्चा की गई। सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि निर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य आपसी समन्वय से कार्य करते हुए समिति को नई दिशा प्रदान करेंगे। अंत में सभी निर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई दी गई तथा समिति की निरंतर प्रगति एवं समाजसेवा हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं।

# निर्माण प्राक्कलन प्रस्तावों को शीघ्रता से प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

**दंतेवाड़ा।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत प्रारंभ, अप्रारंभ एवं कार्यशील निर्माण कार्यों की हुई समीक्षा बैठक ली गई। बैठक उन्होंने स्पष्ट कहा कि विभाग द्वारा निर्माण कार्यों के प्राक्कलन प्रस्तावों को विलंब से भेजा जाता है जो पूर्णतः अस्वीकार्य है अतः सभी प्राक्कलन प्रस्तावों नियमतः समय पर प्रस्तुत करें ताकि कार्य आरंभ समय पर किया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि पीएचई के निर्माण कार्यों को गुणवत्ता सहित समय-सीमा में पूर्ण कराना, निर्माण एजेंसियों एवं अभियंताओं की संयुक्त जवाबदेही है। अतः निर्माण एजेंसियां प्राथमिकता के साथ निर्माण कार्यों को पूर्ण करे। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यो को लेकर सरपंचों के साथ विभागीय अधिकारी लगातार बैठक आयोजित करें ताकि विलंब की स्थिति न आने पाए। और इस संबंध में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर जिला कार्यालय को सूचित करें। इसके साथ ही बैठक में महतारी सदन योजना, खनिज संस्थान न्यास निधि, के अंतर्गत कार्यो की अद्यतन जानकारी कलेक्टर द्वारा ली गई। इसमें महतारी सदन निर्माण कार्य चितालंका, कुआकोंडा, कटेकल्याण के संबंध में कलेक्टर ने संबंधित अनुविभागीय अधिकारी को स्पष्ट शब्दों में कहा कि ये सभी कार्य जनवरी माह तक पूर्ण हो जाने चाहिए।

# धान खरीदी, बेरोजगारी, महंगाई जैसे मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गीदम की बैठक ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमे गीदम कृषि मंडी में किसानों को धान खरीदी में हो रही परेशानियों पर चर्चा हुई। साथ ही निर्णय लिया गया कि ब्लॉक कांग्रेस की टीम मंडी पहुंचकर वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करेगी और किसानों की आवाज़ को मजबूती से उठाएगी। बीजेपी के 2 साल बेमिसाल के दावे की पोल खोलने का फैसला लिया गया। साथ ही गांव-गांव जाकर किसानों, मजदूरों और ग्रामीणों की बदहाल स्थिति को जनता के सामने लाया जाएगा। धान खरीदी, बेरोज़गारी, महंगाई, सड़क, बिजली और



पानी जैसी जमीनी समस्याओं को उजागर किया जाएगा। संगठन की मजबूती पर जोर देने के लिए बूथ से लेकर ब्लॉक स्तर तक संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और जनआंदोलन के माध्यम से जनता की लड़ाई लड़ने की रणनीति तय की गई। बैठक में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष आसिफ़ रज़ा, जिला कांग्रेस कमेटी सचिव रजत दहिया, जिला सचिव कांग्रेस मीडिया सेल ऋषभ सुराना, ब्लॉक कांग्रेस सचिव अरुण मंसूरे, वरिष्ठ कांग्रेसी मड्डा राम वेक, बीजू पीटर सहित बड़ी संख्या में किसान साथी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नियद नेल्लानार चिंगेर में विकास के लिए एकजुटता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

भैरमगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्रापं चिंगेर में आयोजित ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों ने एक अनूठी पहल करते हुए मानवसृंखला बनाकर विकास, शांति और आपसी एकता का सशक्त संदेश दिया। ग्राम सभा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, युवा और बुजुर्गों ने सहभागिता की। सभी ने हाथों में हाथ डालकर मानवसृंखला बनाते हुए यह संकल्प लिया कि गांव के समग्र विकास के लिए एकजुट रहेंगे। ग्रामीणों ने शिक्षा, स्वास्थ्य,



सड़क, पेयजल, बिजली, आवास, रोजगार और स्वच्छता जैसे मूलभूत मुद्दों पर मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि विकास तभी संभव है जब समाज एकजुट होकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े। उन्होंने नियद नेल्लानार अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के माध्यम से शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं और सुझाव खुलकर रखे। ग्राम सभा में पारदर्शिता, सहभागिता और आपसी विश्वास का माहौल देखने को मिला। मानवसृंखला के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि हिंसा नहीं, विकास ही समाधान है और गांव का भविष्य शिक्षा, रोजगार और सामूहिक प्रयासों से ही उज्ज्वल बनेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी ग्रामीणों ने शांति, सद्भाव और विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। ग्राम पंचायत चिंगेर में आयोजित यह ग्राम सभा और मानवसृंखला क्षेत्र में एकता और विकास का प्रतीक बनकर उभरी है जो अन्य ग्राम पंचायतों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगी।

### रस्साकसी का हुआ आयोजन

# क्रिकेट का फाइनल सियानार की टीम ने जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

मां वगे डोकरी यायो शिक्षण एवं जन कल्याण समिति द्वारा गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत बुधपदर में माटी पुजारी सोनकू हेमला (पटेल) एवं पूर्व विधायक भीमा मंडावी की स्मृति मे आयोजित चार दिवसीय शीतकालीन खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिवस में क्रिकेट का फाइनल मैच कासोली 2 और सियानार ग्राम पंचायत के मध्य खेला गया।

जिसमें सियानार की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया कासोली 2 की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर केवल 52 रन बन पाई कासोली 2 की ओर से दिनेश नेताम ने सर्वाधिक 25 रन बनाएं जिसके



जवाब में सियानार की टीम ने मात्र 6 ओवर में लक्ष्य का पीछा कर फाइनल का मुकाबला अपने नाम कर लिया और ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। सियानार की ओर से सर्वाधिक 28 रन हेमंत राय ने बनाएं और मैन ऑफ द मैच फाइनल का खिताब जीता। कासोली 2 की ओर से अमित राठौर ने दो विकेट लिए परंतु अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। मां वांगे डोकरी यायो शिक्षण एवं जनकल्याण समिति दंतेवाड़ा द्वारा विजेता टीम को 21000 रुपए ट्रॉफी तथा उपविजेता को 11000 एवं ट्रॉफी प्रदाय किया गया। प्रतियोगिता में आसपास के क्षेत्र से 16 ग्राम पंचायत की टीम ने भाग लिया इनके अलावा अन्य खेल रस्साकसी का आयोजन भी किया गया जिसमें चार टीमों ने भाग लिया और ग्राम पंचायत बुधपदर ने कासोली 02 को पछाड़ कर विजय प्राप्त किया। विजेता टीम को 2100 रुपए एवं उपविजेता टीम को 1100 प्रदान किया गया। इसी प्रकार महिला वर्ग में भी प्रतियोगिता रखी गई थी जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने स्थानीय गीतों पर प्रस्तुति दी।

समापन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ओजस्वी मंडावी द्वारा विजेता टीमों को पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कश्यप ने अपने उद्बोधन में सभी पंचायत से आए खिलाड़ियों एवं ग्रामीण जन को धन्यवाद दिया तथा इस प्रकार के आयोजन प्रतिवर्ष करवाने का आश्वासन भी दिया। अंत में स्वामी विशुद्धानंद सरस्वती महाराज के द्वारा सभी खिलाड़ियों एवं ग्राम वासियों को आशीर्वचन दिया गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओजस्वी भीमा मंडावी सदस्य छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग, विशेष अतिथि स्वामी विशुद्धानंद सरस्वती महाराज, राजेश कश्यप समिति के अध्यक्ष, लता मरकाम जिलामंत्री भाजपा, शकुंतला भास्कर अध्यक्ष जनपद पंचायत गीदम, सुदराम भास्कर मंडल अध्यक्ष भाजपा गीदम, घासीराम कश्यप सरपंच बुधपदर, दिलीप नेताम सरपंच कासोली 2, उमेश कश्यप समिति के सचिव सरपंच बोदली, सरपंच कारली, सुंदर कश्यप भूतपूर्व सरपंच बड़े कारली केसीसी सदस्य राकेश नाग, संजय राठौर, संजू यादव, अमित, दिनेश कासोली 1 से मंगल आटामी, दिलीप अटामी, बुधपदर से प्रमेश कश्यप,रवि कुमार , उमेश कश्यप, टिंगरू एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# कुपोषण मुक्त आंगनबाड़ी को मिलेगा प्रोत्साहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट स्थित डंकनी सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी, सभी परियोजना अधिकारी एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे। इस दौरान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई तथा योजनाओं के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि महिला और बच्चों के सुपोषण हितों से जुड़ी हुई योजना है। इसलिए इनमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आंगनबाड़ियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को



प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा, वहीं कुपोषण मुक्त ग्राम एवं कुपोषण मुक्त आंगनवाड़ी केंद्रों को आंगनवाड़ी के विकास हेतु 5 लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों की भौतिक स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र के भवन की स्थिति की जानकारी परियोजना स्तर पर संकलित की जाए। यह भी स्पष्ट किया जाए कि भवन स्वीकृत है, निर्मित है अथवा निर्माणाधीन है तथा केंद्र में किन-किन समस्याओं का सामना किया जा रहा है। उन्होंने सरपंचों के साथ समन्वय कर आंगनबाड़ी केंद्रों की वास्तविक स्थिति की जानकारी लेने के निर्देश भी दिए। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों के मरम्मत एवं नवीन भवनों की आवश्यकता संबंधी सूची एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने को कहा गया।

बैठक में बताया गया कि जिले में 821 पूर्ण आंगनवाड़ी भवन हैं, इसके अंतर्गत 356 सक्षम आंगनबाड़ी है। इस संबंध में कलेक्टर का कहना था कि अन्य आंगनबाड़ियों को भी सक्षम के अंतर्गत लाने के लिए इसकी विस्तृत सूची तैयार कर प्रस्तुत करें। इसके अलावा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि सभी नियुक्तियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण की जाएं, ताकि सेवाओं के संचालन में कोई बाधा न आए।

बिहार सरकार के मंत्री एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी

# श्री नितिन नबीन जी

को भाजपा कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर



हार्दिक बधाई

शुभकामनाएँ



हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION






हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com

Vananchal Bhoomi - 15 Dec 2025 - Page 4

नितिन नबीन के कुशल नेतृत्व का प्रदेश को मिलेगा लाभ : वेंकट

जगदलपुर। बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने का लाभ छत्तीसगढ़ को मिलेगा। उनके कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में कई चुनाव संपन्न हुए हैं। भाजपा के प्रदेश ...


हरिभूमि

बिहार के युवा नेता नितिन नबीन भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

सिडनी में हनुक्का उत्सव पर आतंकी हमला, 12 यहूदियों को 'भून' डाला

अब राफेल एफ-5 खरीदने की तैयारी कर रहा भारत

## सत्य के सजग प्रहरी

निष्पक्ष, निर्भीक एवं विश्वसनीय अखबार

संस्कारधानी बिलासपुर से राजधानी रायपुर तक

पाठकों की पहली पसंद

## हरिभूमि

रायपुर संस्करण

के 24वें स्थापना दिवस पर

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



## जी. वेंकट

प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा छ.ग.

**खबर संक्षेप**

### सत्यापन एवं ई-केवायसी 25 दिसम्बर तक

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पात्र हितग्राहियों के पुनः सत्यापन और ई केवायसी के लिए एक महत्वपूर्ण अभियान शुरू किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर हरिस एस द्वारा समस्त तहसीलदार और जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ के भू-अभिलेख आयुक्त द्वारा इस सम्बन्ध में निर्देश दिए गए हैं। इस प्रक्रिया के तहत वित्त वर्ष 2024-25 के शहरी 329 और ग्रामीण 15051 लाभान्वित हितग्राहियों की पात्रता का पुनः सत्यापन किया जाना है। इसके साथ ही इन सभी हितग्राहियों का संबंधित बैंक के माध्यम से ई-केवायसी भी अद्यतन किया जाएगा। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समस्त ग्रामों में मुनादी कराकर तथा हितग्राहियों की सूची चस्पा करके ई केवायसी के निर्देश दिए गए हैं। इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने के लिए 25 दिसम्बर की अंतिम समय-सीमा निर्धारित की गई है।

### केमिस्ट पदों के लिए 21 को होगी भर्ती परीक्षा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत केमिस्ट के पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा 21 दिसंबर को आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक दो परीक्षा केंद्रों पर संपन्न होगी। दो परीक्षा केंद्रों में 667 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिसके तहत शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर कॉलेज में 420 परीक्षार्थी और झाड़ा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में 247 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को सुचारु और पारदर्शी ढंग से आयोजित करने के लिए मंडल ने कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से ढाई घंटे पहले पहुँचना अनिवार्य होगा, जहाँ मेन गेट पर मेटल डिटेक्टर की सहायता से उनकी संपूर्ण जाँच की जाएगी। इसके बाद संबंधित परीक्षकों द्वारा प्रवेश पत्र और अन्य पहचान पत्र के सत्यापन की कार्रवाई की जाएगी। परीक्षार्थियों को विशेष रूप से निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने साथ मूल प्रवेश पत्र के साथ-साथ इंटरनेट से निकाला हुआ साफ-सुथरा प्रवेश पत्र लाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त उन्हें हल्के रंग के हाफ-शर्ट, हल्के कपड़े और चप्पल पहनकर आने को कहा गया है, जबकि कान में किसी भी प्रकार का आभूषण, जैसे बाली या झुमका पूर्ण रूप से वर्जित है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों सहित घड़ी, पर्स, मोबाइल, बेल्ट, जूता, मोजा, कड़ा, धागा, स्कार्फ, टोपी या धार्मिक चिन्ह जैसे किसी भी साधन को केंद्र के भीतर ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित है।

# अब जमीन के डायवर्सन में राहत, व्यपवर्तन के लिए अनुमति की बाध्यता समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ शासन ने भूमि संबंधी प्रक्रियाओं को सरल और जनहितैषी बनाने की दिशा में कदम उठाया है। शासन द्वारा जारी नवीन राजपत्र के अनुसार अब भूमि के व्यपवर्तन के लिए किसी भी प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी। इस फैसले से आम नागरिकों, किसानों, छोटे व्यापारियों और निवेशकों को सीधे तौर पर राहत मिलेगी और वर्षों से चली आ रही जटिल प्रशासनिक प्रक्रिया से निजात मिलेगी।

यह निर्णय राज्य में आवास, स्वरोजगार, लघु उद्योग और बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने वाला माना जा रहा है। पहले भूमि उपयोग परिवर्तन के लिए अलग-अलग विभागों और अधिकारियों की अनुमति लेनी पड़ती थी। जिससे समय, धन और श्रम की अनावश्यक बबार्दी होती थी। अब इस बाध्यता के हटने से प्रक्रिया तेज, पारदर्शी और सरल होगा। राजपत्र के प्रावधानों के अनुसार भूमि स्वामी अब निर्धारित नियमों व शर्तों के अंतर्गत अपने भू-खण्ड का उपयोग बदल सकेंगे। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आवासीय निर्माण, दुकान, गोदाम, लघु उद्योग, सर्विस सेक्टर और अन्य वैध गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। किसान अपनी भूमि पर मूल्यवर्धन कर सकेंगे, वहीं युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

**छत्तीसगढ़ शासन का राजपत्र जारी**



**क्या बदला, क्या फायदा**

राजपत्र में जारी होने से पहले भूमि व्यपवर्तन के लिए प्राधिकृत अधिकारी की अनुमति अनिवार्य थी। जिससे फाइलें महीनों अटकती थीं, अब अनुमति की बाध्यता हटने से प्रक्रिया सरल हुई, समय और खर्च घटा, पारदर्शिता बढ़ी, भूमि स्वामी नियमों के अनुरूप उपयोग बदल सकेंगे। आवास, व्यापार और लघु उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा, निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जनसामान्य को सीधे और त्वरित लाभ मिलेगा।

**निवेश और विकास को मिलेगी रफ्तार**

इस फैसले से रियल एस्टेट, एमएसएमई और स्टार्ट-अप सेक्टर में निवेश का माहौल बेहतर होगा। उद्योगों को समय पर जमीन उपलब्ध होने से परियोजनाएं तेजी से शुरू होंगी, जिससे रोजगार सृजन होगा और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। यह निर्णय अहम माना जा रहा है।

## विडंबना : बासागुड़ा आज भी विकास से कोसों दूर

# नियद नेल्लानार योजना के लाभ से ग्राम बासागुड़ा वंचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिले का एक गांव ऐसा भी है जों बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है। जिला प्रशासनिक अफसर नियद नेल्लानार अभियान के तहत सलवा जुडूम के दौरान उजड़ चुके गांवों के पुनर्वास का दावा करते है, वहीं दूसरी ओर बासागुड़ा के ग्रामीण आज भी सीसी सड़क, बिजली और स्वच्छ पेयजल के इंतजार में हैं।

बासागुड़ा जिसके अंतर्गत कोरसागुड़ा, राजपेट्ट, लिंगागिरी, धर्मापुर, मल्लेपल्ली, आउटपल्ली, डल्ला, पुसबाका, चिपुरभट्टी, गगनपल्ली, पुतकेल, हीरापुर, तिमापुर, मारुदबाका सहित दर्जनों छोटे आदिवासी कस्बे शामिल हैं। वर्ष 2005 तक बासागुड़ा में आवापल्ली ब्लॉक का सबसे बड़ा साप्ताहिक बाजार लगा करता था, जहां बड़ी संख्या में आदिवासी अपनी वनोपज बेचने पहुंचते थे। लेकिन सलवा जुडूम के बाद इस गांव की तस्वीर पूरी तरह बदल गई।

सलवा जुडूम की समाप्ति के बाद राहत शिविरों में रह रहे नक्सल प्रभावित ग्रामीणों ने धीरे-धीरे अपने गांवों में लौटकर घर तो बना लिए, लेकिन बासागुड़ा की पुरानी रौनक आज तक वापस नहीं लौट सकी। शासन द्वारा उजड़े गांवों के विकास के लिए नियद नेल्लानार अभियान चलाया जा रहा है, परंतु बासागुड़ा को इस योजना से कोसो दूर रखा है।

ग्रामीणों का कहना है कि यहां न नालियों की व्यवस्था है, न नल में पानी आता है और न ही बिजली की सुविधा है। पक्की सड़क का तो अब तक निर्माण ही नहीं हो पाया है। वर्षो पहले कराई गई बोरिंग से दूषित पानी पीने को ग्रामीण मजबूर हैं, जिससे स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

सरपंच संगीता सेमला ने बताया कि बासागुड़ा के अंतर्गत आने वाले कुछ अंदरूनी गांवों में नियद नेल्लानार के तहत विकास कार्य जारी हैं, लेकिन मुख्य गांव बासागुड़ा को नजरअंदाज किया जा रहा है। जिला प्रशासन के अधिकारी कई बार यहां से गुजरते हैं, लेकिन गांव की बदहाल स्थिति पर ध्यान नहीं देते। ऐसा प्रतीत होता है मानो बीजापुर जिले के नक्शे में बासागुड़ा का अस्तित्व ही नहीं है।

**आवेदन के बाद भी पहल नहीं की गई**

सरपंच ने बताया कि वे कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को कई बार पक्की सड़क और नई बोरिंग के निर्माण के लिए आवेदन दे चुकी हैं, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं की गई।

## स्वास्थ्य शिविर में हुई मरीजों की जांच

**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के ग्राम पंचायत छोटे देवड़ा में सरपंच संघ द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें समस्त प्रकार के मरीजों की जांच एवं उपचार कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ दिया गया एवं आयुषमान कार्ड का वितरण किया गया। सरपंच संतोष कुमार की उपस्थित में शिविर शुरू किया गया। मुख्य रूप से शिविर में बीपी, शुगर, सर्दी, खांसी एवं अन्य मरीजों का इलाज किया। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य जांच रक्तचाप हिमोग्लोबिन जांच कर मरीजों को स्वास्थ्य लाभ दिया गया। पर्यवेक्षक दिनेश पराते एवं सरपंच की ओर से हितग्रहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण कर कार्ड के फायदे बताए। इस अवसर पर डॉ. पिताम्बर साहू, संजीव कुमार हलधर, यश प्रकश पांडे, दयामनी कश्यप, पर्यवेक्षिका अनिता मंडन, फुलो परगनिहा, मितानीन रैयमती, जयमनी, सोननती, लता, ललीता सहित ग्रामीण शामिल रहे।

हृदय रोग
जांच परामर्श ओपीडी सेवाएं
17 दिसंबर 25, बुधवार
RAMKRISHNA CARE HOSPITALS
स्थानः रामकृष्ण सेवा सदन डॉ. भंज हॉस्पिटल, डी एन के रोड, कोंडागाँव, समयः दोपहर 3 से 5 बजे तक
विशेषज्ञ
डॉ. भरत अग्रवाल
DNB-MED, DNB-Cardiology
Consultant - Interventional Cardiology
हृदय रोग के प्रमुख लक्षण
• हृदयाघात (हार्ट अटैक)
• हार्ट फेलियर
• एरिथमिया (अनियमित दिल की धड़कन
• हाइपरटेंशन (ब्लड प्रेशर)
• हार्ट वाल्व की समस्या
• हृदय रोग से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान
आयुष्मान भारत योजना से एंजियोप्लास्टी, वाल्व रिप्लेसमेंट हृदय बाईपास सर्जरी से इलाज किया जाता है।
रजिस्ट्रेशन एवं अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें:
8800147537, 7000538170
श्रेष्ठ एवं विश्वसनीय
रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, रायपुर । अपॉइंटमेंटः 0771-6165656
MAHESHWARI

# शिव चंद्राकर एवं मनीष पारख ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



- कहा दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे

भाजपा प्रदेश कार्यालय रायपुर में भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शिव चंद्राकर एवं सह संयोजक मनीष पारख ने प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया। पवन साय ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आर्थिक प्रकोष्ठ का दायित्व अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारीपूर्ण है। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचाना ही आर्थिक प्रकोष्ठ का मूल उद्देश्य है। आर्थिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी संगठनात्मक समर्पण, कार्यकुशलता एवं सेवा भाव के साथ कार्य करते हुए जनता को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन तथा प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कण्डेय ने भी संबोधित किया।

प्रदेश संयोजक शिव चंद्राकर एवं सह संयोजक मनीष पारख ने नवीन दायित्व प्रदान किए जाने पर पार्टी के शीर्ष एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। दोनों पदाधिकारियों ने यह संकल्प व्यक्त किया कि वे संगठन द्वारा प्रदत्त इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से करेंगे। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने सक्रिय भूमिका निभाते प्रयासरत रहेंगे।

**5 ग्राम पंचायत आग्रह पर सत्संग का हुआ आयोजन**

# 11 श्रद्धालुओं ने ली नाम दीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जिला कोंडागांव के ग्राम पंचायत कुम्हारी में संत रामपाल महाराज के सानिध्य में विशाल सत्संग का आयोजन हुआ। यह सत्संग क्षेत्र की पांच ग्राम पंचायतों के सामूहिक आग्रह पर महाराज के अनुयायियों द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए।

सत्संग के दौरान संत रामपाल महाराज द्वारा प्रदत्त तत्वज्ञान का वाचन किया गया। प्रवचनों में मानव जीवन का उद्देश्य, शास्त्रसम्मत भक्ति, सदाचार, नशामुक्ति तथा सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने का संदेश दिया गया। महाराज के उपदेशों को श्रद्धालुओं ने ध्यानपूर्वक श्रवण किया।

कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि यह रही कि 11 लोगों ने नाम दीक्षा ग्रहण की। उन्होंने बताया कि महाराज के मार्गदर्शन से सच्चे आध्यात्मिक मार्ग की पहचान हुई है, जिससे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का अनुभव हो रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
25 शीटें शेष
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

# देऊरगांव एवं मटनार बैराज निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाए

- युवा कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर।** युवा कांग्रेस ने आज कलेक्टर को देऊरगांव एवं मटनार बैराज के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। हेमंत कश्यप सहित पदाधिकारियों ने बताया कि दोनों बैराजों का निर्माण लंबे समय से लंबित है, जिसके कारण क्षेत्र के किसानों को पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

उन्होंने कहा कि निर्माण से आसपास के सैकड़ों कृषक परिवारों को स्थायी सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी, जिससे कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। इन दोनों परियोजनाओं से किसी भी प्रकार का डुबान क्षेत्र प्रभावित नहीं होता है, अतः इनके निर्माण से भूमि, आवास अथवा कृषि क्षेत्र को कोई नुकसान नहीं होगा।



हेमंत कश्यप ने कहा बस्तर के किसान केवल आश्वासन नहीं बल्कि धरातल पर विकास चाहते हैं। यह किसानों की जीवनरेखा हैं। यदि किसानों के हितों की अनदेखी की गई, तो युवा कांग्रेस हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

कलेक्टर एस. हरिश ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि शीघ्र प्रारंभ कराने आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान विजय भारती, अकादशी बघेल, रंजन यादव, टूकेश, रामचंद्र सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे।

**हरिभूमि**

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सद्दू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति हृदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण**- 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण**- 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण**- 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**